# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 06 जून, 2022 को अपरान्ह 1.00 बजे मा॰ कुलपति जी की अध्यक्षता मे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **प्रो॰ आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2 | श्री राजेश कुमार पाण्डेय, | (अपर निदेशक, पेंशन एवम् कोषागार)<br>प्रतिनिधि – अपर मुख्य सचिव, (वित्त), उत्तर प्रदेश शासन। | (सदस्य) |
| 3 | डा॰ विनोद कुमार सिंह | कुलसचिव | (सदस्य) |
| 4 | श्री विद्यानन्द त्रिपाठी | परीक्षा नियंत्रक | (सदस्य) |
| 5 | श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | ( सदस्य सचिव) |

**बिन्दु संख्या–01**

वित्त समिति की बैठक दिनांक 26 मार्च, 2022 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–02**

**मा0** कुलपति द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 25.03.2022 मे की गयी संस्तुतियो के आधार पर 80 सफाई कार्मिको से आउटसोर्सिगं के माध्यम से कार्य कराये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–3**

परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर 02 बन्द बॉडी भार वाहन को शासकीय नियमों के अन्तर्गत क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–4

लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक के प्रयोगार्थ 01 एस.यू.वी. वाहन को शासकीय नियमों के अन्तर्गत क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–5

निदेशक, हाइड्रोकार्बन, ऊर्जा और भू–संसाधन संस्थान ओ0एन0जी0सी0 केन्द्र के संस्थान मे 01 तृतीय श्रेणी एवं 01 चतुर्थ श्रेणी कार्मिक के पद का सृजन किये जाने के सम्बन्ध मे प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया एवं निर्णय लिया गया कि पाठ्यक्रम की आय एवं व्यय से सम्बन्धित पूर्ण विवरण के साथ इसे वित्त समिति की अगली बैठक मे प्रस्तुत किया जाय।

बिन्दु संख्या–6

लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनो परिसरो मे कूड़ा निस्तारण व्यवस्था हेतु नगर निगम द्वारा अधिकृत संस्था मेसर्स ईको ग्रीन को नगर निगम की प्रचलित दर पर यूजर चार्ज की दरो के सम्बन्ध मे विचार–विमर्श किया गया एवं निर्णय लिया गया कि नगर–निगम की अनुमोदित दरों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

बिन्दु संख्या–7

लखनऊ विश्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति की बैठक दिनांक 27.04.2022 की कार्यवृत्त पर विचार विमर्श के उपरान्त सहमति प्रदान की गयी ।

## अन्य बिन्दु।

बिन्दु संख्या–1

निदेशक, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ को रू0 250/– प्रत्येक कार्य दिवस मार्ग व्यय दिये जाने के सम्बन्ध मे विचार विमर्श किया गया एवं विचार विमर्श के उपरान्त सहमति प्रदान की गयी ।

बिन्दु संख्या–2

लखनऊ विश्वविद्यालय मे परीक्षा कार्यो मे संलग्न कर्मचारियों को यात्रा व्यय वास्तविक कार्य दिवस के आधार पर दिये जाने पर विचार विमर्श किया गया एवं निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की उपस्थिति परीक्षा नियंत्रक के द्वारा प्रमाणित किये जाने के उपरान्त वास्तविक कार्य दिवसो को यात्रा भत्ता का भुगतान किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–3**

व्यापार प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय मे स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों मे शिक्षणेत्तर कर्मचारियो के पदो के सृजन के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया एवं समिति के द्वारा सैद्धान्तिक रूप से इस कार्य को आरम्भिक अवधि के लिये आउटसोर्सिगं के माध्यम से कार्य लिये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

**बिन्दु संख्या–4**

लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 14 फरवरी, 2022 के बिन्दु सं0 01 से 05 तक की सहमति प्रदान की गयी एवं इस कार्य पर होने वाले अतिरिक्त व्यय को अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय अपने स्रोतो से वहन करेगा।

**बिन्दु संख्या–5**

लखनऊ विश्वविद्यालय के आई.एम.एस. मे संचालित स्वावित्त पोषित पाठ्क्रमो मे संविदा पर कार्यरत् शिक्षको के सेवा विस्तार के सम्बन्ध मे गठित समिति की बैठक की संस्तुतियो पर समिति के द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–6**

मा0 कुलाधिपति जी के आदेश सं0 ई–2123/जी0एस0 दिनांक 18 अप्रैल, 2022 के क्रम मे लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो मे शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक कार्मिको की उपस्थिति बायोमीट्रिक प्रणाली के माध्यम से किये जाने हेतु बायोमीट्रिक संयत्र तथा तत्सम्बन्धी उपकरण एवं साफ्टवेयर क्रय किये जाने हेतु रू0 1.00 करोड़ का अतिरिक्त प्राविधान किये जाने पर विचार–विमर्श किया गया एवं निर्णय लिया गया कि कम्प्यूटराइजेशन, नेटवर्किगं एवं वाई–फाई के लिये पूर्व से प्राविधानित धनराशि को इस कार्य हेतु उपयोग मे लाया जाय तथा इस कार्य हेतु रू॰ 1.00 करोड़ के अतिरिक्त प्राविधान को वर्तमान वित्तीय वर्ष के विभिन्न मदो मे प्राविधानित धनराशि से कटौती कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस प्रणाली के अनुरक्षण हेतु आगामी वित्तीय वर्ष के वार्षिक बजट मे प्राविधान सुनिश्चित किया जाय।

**मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न हुई।**

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी

(डा॰ विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अपर निदेशक, पेंशन एवं कोषागार,
प्रतिनिधि – अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

06/06/22

(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति / अध्यक्ष